<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 ***फरवरी*** 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा सवा अड़तालिस करोड़ के पार, माघ पूर्णिमा स्नान के साथ ही करीब दस लाख कल्पवासियों का विशेष अनुष्ठान भी हुआ पूरा
- श्रद्धालुओं और प्रयागराज के लोगों के लिए लागू होगी नई यातायात व्यवस्था, शटल बसों के साथ साथ अब ई–रिक्शा और ऑटो रिक्शा की सुविधा भी होगी उपलब्ध
- श्रंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरू शंकराचार्य के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा–सनातम धर्म ही विश्व मानवता का धर्म है
- लखनऊ का चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एक मार्च से पंद्रह जुलाई तक सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक विमानों की आवाजाही के लिए रहेगा बंद

**********

प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के अवसर पर करीब दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं , संतों और कल्पवासियों ने संगम में कल पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान उन पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई। कल ही कल्पवास के विशेष अनुष्ठान का समापन भी हुआ। तेरह जनवरी से शुरू हुए प्रयागराज महाकुंभ में कल रात तक पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अड़तालिस करोड़ उन्तीस लाख से अधिक पहुंच गई। महाकुंभ आए भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि इस स्थान पर पहुंचने की प्रसन्नता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

***यहां आने पर जो सुख की अनुभूत है उसकी शायद व्याख्या नहीं की जा सकती उसको परिभाषित नहीं किया जाता है। वह केवल संगम पर आकर ही प्रयागराज में उस सुख की अनुभूति महसूस की जा सकती है***

श्रद्धालु महावीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ में अच्छी व्यवस्था की गई है।

***मेरा नाम महावीर सिंह है मैं दिल्ली से आया हूँ। बहुत अच्छे ढंग से इंतजाम है। प्रशासन बहुत अच्छे ढंग से काम कर रहा है। किसी भी तरह से व्यबवस्थी में कोई कमी नहीं है।***

नॉर्वे के पूर्व जलवायु और पर्यावरण मंत्री एरिक सोल्हेम ने कल महाकुंभ का दौरा किया। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले और फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी कल संगम में पवित्र स्नान किया।

**********

महाकुंभ में आ रहे श्रद्धालुओं को मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की स्थिति जानने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल रात रेलवे बोर्ड के वार रूम से मॉनिटरिंग की। औचक निरीक्षण पर पहुंचे रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जाए। रेलवे ने प्रयाग क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के लिए कल रात नौ बजे तक दो सौ अट्ठावन रेलगाड़ियों का संचालन किया। इनके जरिये चौदह लाख सत्तर हजार से अधिक यात्रियों और श्रद्धालुओं ने यात्रा की।

**********

महाकुंभ में श्रद्धालुओं को लेकर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए अब शटल बसों के साथ–साथ ई–रिक्शा और ऑटो रिक्शा भी उपलब्ध रहेंगे। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र मादंड ने बताया कि यह फैसला पुलिस कमिश्नर और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में लिया गया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ में नई व्यवस्था से श्रद्धालुओं के पास संगम तक पहुंचने के लिए अधिक सुविधाजनक विकल्प मौजूद होंगे और लोगों को अधिक पैदल नहीं चलना पड़ेगा। श्री मादंड ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब पार्किंग स्थलों से संगम तक शटल बसों के साथ ई–रिक्शा और ऑटो रिक्शा भी चलाए जाएंगे। ये वाहन जीटी जवाहर तक श्रद्धालुओं को सुगमता से पहुंचाएंगे।***

***उन्होंने बताया कि आज से शहर में सभी कार्यालय और प्रतिष्ठान खुल जाएंगे। इसको देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाए रखने की योजना पर काम किया जा रहा है।***

***सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की 14 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं पर जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था को विशेष रूप से मॉनिटर करेगा।***

***एक दूसरा जो महत्वपूर्ण बिंदु है वो परीक्षाओं को लेकर है। चौदह तारीख से सीबीएसई और आईसीएससी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं तो उसमें छात्र छात्राओं को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई दिक्कत ना हो उसके लिए भी बहुत ड़िटेल में हमने प्लान तैयार किया है। और लगातार पुलिस की हमारे सभी जो फील्ड स्टॉफ हैं उनको भी हम लोग ये कम्युनिकेट कर रहे हैं।***

***जिलाधिकारी ने विधार्थियों से परीक्षा केंद्र के लिए समय से पहले निकलने और अपने निजी दोपहिया वाहनों का उपयोग करने की अपील की है जिससे वे ट्रैफिक से बच सकें। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल शाम गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में श्रृंगेरी–शारदा पीठ के जगद्‌गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम के अभिनंदन समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म वास्तव में मानव धर्म है। सनातन धर्म ही विश्व मानवता का धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि विश्व मानवता सुरक्षित रहेगी। वहीं अपने शंकर वचन में जगद्‌गुरू शंकराचार्य ने कहा कि जब सनातन आस्था वाले सन्यासी मुख्यमंत्री बनते हैं तो ऐसा ही व्यापक परिवर्तन देखने को मिलता है जैसा योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में एक सौ दो दशमलव सात एक करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह की जयंती पर कल बागपत जिले में तीन सौ इक्यावन करोड़ रुपए की एक सौ इक्यासी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी उपस्थित रहे।

**********

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कल ग्रेटर नोएडा में भारत टेक्स दो हजार पचीस के दूसरे संस्करण का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह एक्सपो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

***मेरा सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पहली वर्षगांठ हम मना रहे हैं भारत टैक्स का ट्रेड फेयर का लेकिन ये दुनिया का सबसे बड़ा भारत टैक्स बन रहा है क्योंकि पिछली बार तीन हजार आए थे बाहर से विदेशी मेहमान खरीददार आज छह हजार के लगभग में आए है ये बताता है कि दुनिया का सबसे बड़ा टेक्सटाइल का ट्रेड फेयर भारत टैक्स बन चुका है।***

इस हस्तशिल्प मेले का आयोजन पंद्रह फरवरी तक इंडिया एक्सपो सेंटर एण्ड मार्ट में किया जा रहा है।

**********

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को एक मार्च से पंद्रह जुलाई तक सुबह दस से शाम छह बजे तक विमानों की आवाजाही के लिए बंद रखा जाएगा। हवाई अड्डे के प्रबंधक ने बताया कि रनवे के री– कारपेटिंग कार्य के चलते विमानों का परिचालन बंद रखा जायेगा। इस दौरान हवाई अड्डा प्रबंधन सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने और यात्रियों और एयरलाइनों की सुविधा के लिए एक व्यापक योजना को लागू करेगा।

**********

जानी–मानी फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने छात्रों से विफलता के डर की चिंता किए बिना अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियां दूर करने का आग्रह किया। श्रीमती पादुकोण परीक्षा पे चर्चा– दो हजार पचीस के दूसरे भाग के दौरान कल छात्रों के साथ बातचीत कर रही थी।

**********

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में उन्चास पदक जीत कर पदक तालिका में उत्तर प्रदेश दसवें स्थान पर पहुंच गया है। कल हुए जैवलिन थ्रो प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के खिलाड़ी सचिन यादव ने चौरासी दशमलव तीन नौ मीटर की थ्रो के साथ नया राष्ट्रीय खेल रिकॉर्ड बनाया।

**********

अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को आज दोपहर बारह बजे जलसमाधि दी जाएगी । लोग उनके पार्थिव शरीर का अयोध्या स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन कर रहे हैं। कल लखनऊ स्थित पीजीआई में उनका निधन हो गया था।

**********